माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – examcontroller@msuniversity.ac.in

पत्रांक :2743 /गोपनीय/एम0एस0यू0/2024–25 दिनांकः 21/2/25

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान।

विषय :– प्रयोगात्मक/मौखिक/आन्तरिक परीक्षा कराकर अंकपर्ण ऑनलाइन पोर्टल पर तथा विश्वविद्यालय जमा कराने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जैसा कि आपको विदित है कि महाविद्यालय/संस्थान द्वारा विद्यार्थियों के प्रयोगात्मक/मौखिक/आन्तरिक परीक्षा कराकर अंक ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड कर हार्डकॉपी विश्वविद्यालय में तत्काल जमा किये जाने हैं।

अतः उक्त के सम्बन्ध में जिन महाविद्यालय/संस्थानों द्वारा अपने विद्यार्थियों के विषम सेमेस्टर के प्रयोगात्मक/मौखिक/आन्तरिक परीक्षा सम्पन्न नहीं कराई गई है तथा महाविद्यालय/संस्थानों द्वारा सेमेस्टर के प्रयोगात्मक/मौखिक/आन्तरिक परीक्षा सम्पन्न कराकर ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड कर हार्डकॉपी विश्वविद्यालय में जमा नहीं की है, वे महाविद्यालय/संस्थान विषम सेमेस्टर के प्रयोगात्मक/मौखिक/आन्तरिक परीक्षा सम्पन्न कराकर ऑनलाइन अपलोड करते हुए अंकपर्ण की दो प्रतियाँ विश्वविद्यालय के गोपनीय विभाग में तत्काल जमा कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा की दशा में जिन महाविद्यालय/संस्थानों द्वारा विषम सेमेस्टर के प्रयोगात्मक/मौखिक/आन्तरिक परीक्षा सम्पन्न कराकर अंकपर्ण विश्वविद्यालय में जमा नहीं किये गये हैं उन महाविद्यालयों का परीक्षाफल रोककर परीक्षाफल घोषित किया जायेगा, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान का होगा।

भवदीय,

परीक्षा नियन्त्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ–

1. कुलसचिव।
2. सहायक कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)।
3. सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
4. प्राचार्य/प्राचार्या समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय।
5. प्रभारी विश्वविद्यालय वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि पत्र को वेबसाईट पर प्रदर्शित कराना सुनिश्चित करें।
6. गार्ड फाईल

परीक्षा नियन्त्रक